हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==================================

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन शाम 7 बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित होगा, जिसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण भी प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, इसका क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर किया जाएगा।

---

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद किया । सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने विभाजन के भयावह दौर से उभरकर राष्ट्र की प्रगति में अमूल्य योगदान देने वाले सभी देशवासियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने अपने साहस और शक्ति से सिद्ध किया कि हम विपरीत परिस्थितियों में भी संकल्पों को पूरा कर सकते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस विभाजन पर विभाजन में अपनी जान गंवाने वाले सभी लोगों और उस अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि 14 अगस्त 1947 का दिन इतिहास के सबसे क्रूर अध्यायों में से एक का गवाह है, जिसमें लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और अमानवीय पीड़ा सहनी पड़ी।

---

हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र 27 अगस्त से शुरू होगा। चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सत्र बुलाने के साथ-साथ 12 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।

बैठक में राज्य के निजी कोचिंग संस्थानों पर नकेल कसने के लिए नए नियमों को मंजूरी दी गई। जिससे सभी कोचिंग सेंटरों को पंजीकरण करवाना अनिवार्य हो गया है। उनकी फीस व सुविधाओं पर निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा, प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए लाइसेंस प्राप्त आवासीय कॉलोनियों में नर्सिंग होम स्थापित करने की नीति में भी संशोधन किया गया है; अब योग्य डॉक्टर अपने स्वामित्व वाले मकानों के साथ-साथ लीज पर लिए गए आवासीय भूखण्डों पर भी नर्सिंग होम शुरू कर सकेंगे।

बैठक में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 'हरियाणा राज्य स्टार्टअप नीति' के तहत वित्तीय प्रोत्साहन देने तथा जल संकट से निपटने के लिए विश्व बैंक के सहयोग से 5,714 करोड़ रुपये के 'वाटर सिक्योर हरियाणा प्रोग्राम' को भी मंजूरी दी गई।

-----------------------------------------------

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कल देर शाम
अंबाला शहर में जग्गी सिटी सेंटर के पास मुख्य मार्ग पर जाम खुलवाने के दौरान घायल हुए पुलिसकर्मियों से मिलिट्री अस्पताल और नागरिक अस्पताल में
मुलाकात की और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी ली।
उल्लेखनीय है कि मुख्यमार्ग पर जाम खुलवाने के दौरान एक समुदाय के लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया था , जिसमें करीब सात पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर है। घायल पुलिसकर्मियों में डीएसपी वीरेंद्र शर्मा भी शामिल हैं जिनके अंगूठे पर गंभीर चोट आई है।
पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने घायल पुलिसकर्मियों के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस अपने जवानों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखें, कानून को अपने हाथ में न लें और सार्वजनिक मार्गों को बाधित करने से बचें।

----------------------------------------------------------

स्वतंत्रता दिवस को लेकर भिवानी के भीम खेल परिसर में जिला स्तरीय फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेजियम, डंबल और पीटी का प्रदर्शन किया।

15 अगस्त को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ध्वजारोहण करेंगे।

-----------------------------------

पंचकूला जिले में बरवाला खंड के गांव बुंगा व बतौर, और पिंजौर खंड के गांव मड़वाला व बर में विद्यार्थियों व ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इन यात्राओं का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और जन-जागरूकता की भावना को सुदृढ़ करना था। विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह संदेश दिया कि राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है।

-------------------------------------------------------------

डाक विभाग द्वारा 'हर घर तिरंगा' विशेष अभियान के तहत जींद में मुख्य डाकघर से रानी तालाब तक 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई, रैली में डाक विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साह और देशभक्ति से ओतप्रोत होकर भाग लिया।कर्मचारियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थाम कर क्षेत्रवासियों को तिरंगे के सम्मान, राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और देशभक्ति की भावना के प्रति जागरूक किया।